वुमन एम्पावरमेंट फिक्की के महिला संगठन फ्लो की ऑफिशियल लॉन्चिंग, एंटरप्रेन्योर बनने की चाह रखने वाली महिलाओं को मिलेगा मौका

आर्थिक आत्मनिर्भरता से ही महिलाएं होंगी सशक्त

यदि महिला आर्थिक रूप से सशक्त है, उसकी पॉकेट में पैसा है तो उसे किसी का मुंह देखने की जरूरत नहीं होती। ऐसी महिला को पति, सास या अन्य रिश्तेदारों की झिड़कियां नहीं सुननी पड़तीं। आर्थिक आत्मनिर्भरता से ही महिलाएं सशक्त होंगी।

फिक्की के महिला संगठन फ्लो की ऑफिशियल लॉन्चिंग के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

news.indore@peoplessamachar.co.in

फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) की नेशनल प्रेसिडेंट नीता बूचरा ने बुधवार को होटल रेडिशन ब्लू में यह जानकारी दी। वे यहां फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) के लेडीज ऑर्गेनाइजेशन की ऑफिशियल लॉन्चिंग समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर यहां मुख्य अतिथि के रूप में वुमन वीव चेरिटेबल ट्रस्ट की फाउंडर और सीईओ सॉली होलकर, आभा डालमिया, शुभ्रा गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट विनीता बिमभेट, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. मंजु कालरा प्रकाश, गवर्निंग बॉडी मेंबर उज्ज्वला सिंघानिया, मीरा गोयल, सीमा कोठारी, संध्या सेठी, तान्या चाबरिया, इंदौर चैप्टर की चेयरपर्सन आरती सांघी, इंदौर की पूर्व महापौर उमा शशि शर्मा तथा इंदौर की जानी-मानी चिकित्सक डॉ. दिव्या गुप्ता और फ्लो की मेंबर्स व वुमन एंटरप्रेन्योर बड़ी संख्या में यहां उपस्थित थीं।

बिजनेस और नेटवर्किंग

फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) प्रदेश की महिलाओं के हुनर को निखारकर उन्हें नेटवर्किंग के जरिए बिजनेस बढ़ाने की अपॉच्र्यूनिटीज उपलब्ध करवाएगा। फ्लो के माध्यम से फिक्की प्रदेश की महिलाओं में एंटरप्रेन्योरशिप की संभावनाओं को तलाश कर उनकी स्किल डेवलपमेंट, वर्कशॉप, कन्सल्टेंसी, लोन प्रोसेस, एक्सपर्ट लेक्चर आदि आयोजित करेगा।

इंडस्ट्री की डिमांड

फ्लो की नेशनल प्रेसिडेंट नीता बूचरा ने बताया कि संगठन इंडस्ट्री की रिक्वायरमेंट और एज्यूकेशनल इंस्टिट्यूट के बीच ब्रिज की तरह काम करेगा। आज इंडस्ट्री की क्या जरूरत है, उसे ध्यान में रखकर यदि गर्ल्स को एज्यूकेशन दी जाएगी तो वे अच्छी जगह प्लेस होंगी, वहीं महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर ही उन्हें सशक्त किया जा सकता है। इसके लिए फ्लो हर तबके की महिलाओं को एक मंच देगा, जहां वे अपने हुनर या आइडिया को साकार कर वुमन एंटरप्रेन्योर के रूप में खुद को स्थापित कर सकेंगी।

इंदौर में इसलिए

इंदौर चैप्टर की चेयरपर्सन आरती सांघी ने कहा कि फ्लो का मप्र में यह पहला और देश में 11वां चैप्टर है। भारत के कॉर्पोरेट सेक्टर्स तथा भारत सरकार के अलावा एफएलओ कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों जैसे कन्फेडरेशन ऑफ एशिया-पेसिफिक चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, वुमन एंटरप्रेन्योर्स काउंसिल, सार्क चेंबर वुमन एंटरप्रेन्योर्स काउंसिल आदि के साथ काम करता है। उन्होंने बताया कि इंदौर में रिसर्च की और जाना कि यहां की महिलाओं में आत्मनिर्भर होने की एक अलग ही ललक है। यही वजह है कि इंदौर में फ्लो का यह 11वां चैप्टर ओपन किया गया।